>

Title: Regarding widening of the old bridge on Dhela river connecting Corbet National Park.

डॉ. एस.टी. हसन (मुरादाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक छोटी-सी, लेकिन बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ ।

मुरादाबाद से काशीपुर मार्ग पर जो हाइवे है, वह पौड़ी-गढ़वाल तक जाता है । इसी हाइवे पर कार्बेट नेशनल पार्क भी स्थित है । यहाँ पर हजारों पर्यटक आते हैं । इस मार्ग पर, ढेला नदी के ऊपर एक बहुत ही पुराना पुल बना हुआ है, जो बहुत संकरा है । इस पर वन-वे ट्रैफिक चलता है । ऊपरवाला न करे, इस पर किसी भी दिन हादसा हो सकता है । पर्यटक आते हैं, इस मार्ग पर जाम लग जाता है । कार्बेट पार्क जाने में बहुत परेशानी होती है । हो सकता है कि इस सदन के बहुत-से लोग इस पुल से गुजरे होंगे ।

आपके माध्यम से सरकार से मेरी दरख्वास्त है कि इस छोटी-सी समस्या पर ध्यान देते हुए, यह बड़ा काम करा दें ।